**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 सोमवार** **दिनांक 04.08.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **केन्द्र सरकार ने पैंतीस जरूरी दवाओं की खुदरा कीमतों में कटौती की।**

- **राज्य सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली छूट की सीमा में किया संशोधन—अब प्रतिमाह दी जाने वाली चार सौ यूनिट की छूट के स्थान पर सौ यूनिट तक की मासिक खपत पर पचास प्रतिशत रियायत दी जाएगी।**

- **रायपुर पुलिस ने बड़े ड्रग्स रैकेट का किया भंडाफोड़—नौ लोगों को गिरफ्तार कर करीब एक करोड़ रूपए की हेरोइन जब्त की।**

- **मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी और बस्तर जिले में दो अलग—अलग घटनाओं में तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत—मुख्यमंत्री ने बारिश के मौसम में लोगों से गहरे जल स्रोतों से दूरी बनाए रखने की अपील की।**

**केन्द्र—दवा कीमत**

केन्द्र सरकार ने पैंतीस जरूरी दवाओं की खुदरा कीमतों में कटौती की है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने जिन दवाओं की कीमतों में कटौती की है, उनमें एंटी—इंफ्लेमेटरी, हृदय रोग, एंटीबायोटिक, मधुमेह और मानसिक रोगों से संबंधित दवाएं शामिल हैं। इनमें प्रमुख दवाएं हैं— एसीक्लोफेनाक, पैरासिटामोल, एमोक्सिसिलिन, पोटेशियम क्लैवुलनेट और एटोरवास्टेटिन।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से यह कटौती की गई है। इससे पुरानी बीमारियों से जूझने वाले मरीजों को लाभ पहुंचेगा, क्योंकि इनमें दिल की बीमारियों और सूजन कम करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र सरकार द्वारा पैंतीस आवश्यक दवाओं की कीमतों में कटौती किए जाने का निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस मूल्य कटौती से छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्य में गरीबों, श्रमिकों, किसानों, महिलाओं और वृद्धजनों को इसका लाभ मिलेगा।

## हॉफ बिजली बिल योजना–संशोधन

राज्य सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली छूट की सीमा में कुछ संशोधन किया है। अब प्रतिमाह दी जाने वाली चार सौ यूनिट की छूट के स्थान पर सौ यूनिट तक की मासिक खपत पर पचास प्रतिशत रियायत दी जाएगी।

वर्तमान में राज्य के पैंतालीस लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग इकतीस लाख परिवार ऐसे हैं, जिनकी खपत सौ यूनिट प्रतिमाह से कम है। इन इकतीस लाख परिवारों में पन्द्रह लाख बीपीएल–गरीब रेखा से नीचे के परिवार भी शामिल हैं, जिन्हें पहले की तरह हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिलता रहेगा। इन परिवारों को योजना के अंतर्गत तीस यूनिट तक की मुफ्त बिजली पहले की तरह प्राप्त होती रहेगी, साथ ही वे हाफ बिजली बिल योजना के अन्य सभी प्रावधानों का भी लाभ उठाते रहेंगे।

## भूपेश बघेल–सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल द्वारा दायर याचिका को सुनने से इंकार करते हुए उन्हें हाईकोर्ट या ट्रायल कोर्ट जाने के लिए कहा है। श्री बघेल ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में शराब घोटाले के संबंध में ईडी द्वारा अलग–अलग जांच और चार्जशीट दाखिल करने की प्रवृत्ति को चुनौती दी थी।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए अधिनियम की धारा पचास और तिरसठ को चुनौती देने वाली भूपेश बघेल की याचिका को सुनवाई के स्वीकार कर लिया है। इस पर छह अगस्त को सुनवाई होगी।
इस बीच, भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की न्यायिक रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज उन्हें फिर से अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुनः चौदह दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## ड्रग्स–आरोपी गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पंजाब के एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय तस्कर सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लगभग एक करोड़ रूपए की चार सौ बारह ग्राम हेरोइन जब्त की है। पुलिस के अनुसार ये ड्रग्स पाकिस्तान से पंजाब के रास्ते लाई जा रही थी।

रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने बताया कि इस रैकेट का सरगना पंजाब के गुरदासपुर का लवजीत सिंह है, जो पाकिस्तान से ड्रग्स मंगाता था। लवजीत अंतर्राष्ट्रीय नंबरों का इस्तेमाल कर नेट कॉलिंग के जरिए पाकिस्तानी तस्करों से बात करता था ताकि वह जांच एजेंसियों की पकड़ में न आए। रायपुर में ड्रग रैकेट का जिम्मा सुवित श्रीवास्तव नाम के एक शख्स ने संभाल रखा था। सुवित कमल विहार सेक्टर–चार स्थित अपने घर को इस नेटवर्क का मुख्य केंद्र बना कर ड्रग्स की आपूर्ति करता था। पुलिस की संयुक्त टीम ने कल कमल विहार स्थित मकान में छापा मारकर लवजीत सिंह, सुवित श्रीवास्तव और अश्विन चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद इनसे की गई पूछताछ के आधार पर छह अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। रायपुर एसएसपी ने बताया कि ड्रग्स के कारोबार में करोड़ों रुपये का लेन–देन हुआ है, जिसके लिए म्यूल अकाउंट्स का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस को उनके पास से वीडियो और लोकेशन शेयरिंग के सबूत भी मिले हैं, जिनका इस्तेमाल वे ग्राहकों तक हेरोइन पहुंचाने के लिए करते थे। सभी गिरफ्तार आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

एसएसपी डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने बताया कि ड्रग्स की तस्करी को रोकने के लिए पुलिस द्वारा पिछले काफी दिनों से अभियान चलाया जा रहा है।

## हाईकोर्ट–महिला जमानत

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने ऑनलाइन ठगी की आरोपी महिला की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इस महिला पर फर्जी बीमा, लूडो गेम, ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी और नौकरी का झांसा देकर लोगों से करीब साढ़े छह करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर इस महिला के खिलाफ बिलासपुर के साइबर थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के खातों की जांच की। जांच में सामने आया कि इस आरोपी महिला ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने नाम से बैंक खाता खोला और उसे ऑनलाइन सट्‌टेबाजी के लिए इस्तेमाल करने दिया। आरोप है कि इस महिला को इस काम के बदले कमीशन मिलता था। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी महिला निशा साहू सहित अन्य आरोपियों के खातों से भारी मात्रा में संदिग्ध लेनदेन हुए हैं।

## उच्च न्यायालय–शराब आयात शुल्क

वहीं, हाईकोर्ट ने विदेशी शराब पर आयात शुल्क के लिए दिए गए नोटिस को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं। बिलासपुर के दो शराब कारोबारी द्वारा वर्ष दो हजार एक में लगाई गई याचिकाओं को खारिज करते हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब अलग इकाई है। ऐसे में वहां से कारोबार अंतर्राज्यीय माना जाएगा। इस पर आयात शुल्क की मांग अनुचित नहीं है।

**<u>रेरा–आदेश</u>**

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में एक आबंटी को लंबित रखरखाव शुल्क और विकास लागत प्रमोटर को भुगतान करने का आदेश दिया है। सीजी रेरा ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में यदि आबंटी अपने दायित्वों से बचते हैं तो इससे प्रमोटरों की परियोजना संचालन प्रक्रिया बाधित होती है और यह रियल एस्टेट अधिनियम के प्रावधानों के विरुद्ध है। रेरा ने अपने आदेश में इस बात पर जोर दिया कि वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही रियल एस्टेट सेक्टर की मजबूती के लिए अनिवार्य है।

रेरा ने स्पष्ट किया कि जब तक परियोजना का विधिवत हस्तांतरण हाउसिंग सोसायटी को नहीं हो जाता, रखरखाव की जिम्मेदारी प्रमोटर की होती है और इस अवधि के लिए शुल्क का भुगतान करना आबंटी का दायित्व है।

**<u>बच्चे–मौत</u>**

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम छछानपाहरी में कल तालाब में डूबने से तीन बच्चो की मौत हो गई। ग्राम पंचायत छछानपाहरी के सरपंच पंचराम चंद्रवंशी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे अपने अपने घर से खेलने के लिए निकले थे। इस बीच वे तालाब में नहाने चले गए। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से तीनों बच्चों डूब गए।

इसी तरह की घटना जगदलपुर के हजारीगुड़ा गांव में भी सामने आई है, जहां दो मासूमों की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन घटनाओं पर दुख जताते हुए लोगों से बारिश के मौसम में तेज प्रवाह वाले नदी–नालों और गहरे जल स्रोतों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। साथ ही जिला प्रशासन को पीड़ित परिवारों को चार–चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

**<u>दुर्घटना</u>**

गरियाबंद जिले में बीती रात एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि फिंगेश्वर के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सरगी नाले पर बने पुल से नीचे गिर गई। इस कार में पांच लोग सवार थे। दुर्घटना में कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ये लोग बिलाईगढ़ भटगांव से गरियाबंद में स्थित भूतेश्वरनाथ मंदिर जा रहे थे। यह कार सरगी नाले के जिस पुल से नीचे गिरी, उस पर रेलिंग नहीं है। फिंगेश्वर पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

**<u>सावन–सोमवार</u>**

सावन महीने के चौथे और अंतिम सोमवार पर आज प्रदेश के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। सभी वर्ग के लोग भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। दूर–दूर से कावड़िये भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर पहुंचे।
जांजगीर–चाम्पा जिले की धार्मिक नगरी खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। छत्तीसगढ़ की काशी के नाम से विख्यात लक्ष्मणेश्वर मंदिर में स्वयंभू लक्षलिंग है, जहां सवा लाख छिद्र है। इसी तरह

जांजगीर क्षेत्र के पीथमपुर में स्थित बाबा कलेश्वरनाथ मंदिर में आज श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी और भक्तों ने जलाभिषेक किया।

वहीं, सक्ती जिले में सावन की आखिरी सोमवार को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जगह–जगह पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई और प्रसाद का वितरण किया गया।

उधर, गरियाबंद के राजिम में कुलेश्वर नाथ महादेव के मंदिर पर भी आज भक्तों का सैलाब उमड़ा। यह मंदिर पैरी, सोंढूर और महानदी के त्रिवेणी संगम पर स्थित है।

वहीं, राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हटकेश्वर नाथ महादेव और बूढ़ापारा स्थित बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने पवित्र जल से अभिषेक किया। शहर में जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>